कार्यक्रम | जिला स्तरीय सूर्य नमस्कार व युवा दिवस कार्यक्रम आयोजित, जिले के विद्यालयों में रचनात्मक व स्वास्थ्यवर्धक कार्यक्रमों का आयोजन सराहनीय

स्वस्थ और आनंदमय जीवन के लिए योग आवश्यक : कलेक्टर



नवभारत,दमोह 12 जनवरी। स्वामी विवेकानंद की जन्मजयंती 'युवा दिवस' के अवसर पर केशव नगर स्थित सरस्वती विद्या बिहार सेकेंडरी स्कूल परिसर में जिला स्तरीय सूर्य नमस्कार युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन एवं योग समिति के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं, शिक्षक, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा कि स्वस्थ्य और आनंदमय जीवन के लिए योग अत्यंत आवश्यक है। योग, प्राणायाम एवं ध्यान को नियमित रूप से अपनाने से शारीरिक व मानसिक संतुलन प्राप्त होता है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा कि जिले के विद्यालयों में इस

प्रकार के रचनात्मक व स्वास्थ्यवर्धक कार्यक्रमों का आयोजन सराहनीय है।

राज्य स्तरीय मुख्य समारोह का सीधा प्रसारण देखा गया

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय मुख्य समारोह का सीधा प्रसारण एलईडी स्क्रीन के माध्यम से देखा व सुना गया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने अपने संदेश में युवाओं से योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि योग शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक विकास का सशक्त माध्यम है।

योग से सशक्त समाज का निर्माण संभव

कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी शेन्डे ने कहा कि भारत एक युवा देश है, जहां 40 वर्ष से कम आयु के युवाओं की संख्या 54 प्रतिशत से अधिक है। यदि युवा पीढ़ी योग को अपनाती है तो स्वस्थ्य, सकारात्मक व सशक्त समाज का निर्माण संभव है। योग से सकारात्मक ऊर्जा व सकारात्मक विचारों का विकास होता है। आर्ट ऑफलिविंग संस्था से जुड़े प्रशांत असाटी ने युवाओं से सूर्योदय से पूर्व उठकर दिन की शुरुआत योग एवं प्राणायाम से करने की अपील की।

प्रतिभागियों ने योग व प्राणायाम का किया अभ्यास

इस दौरान अतिथियों ने भारत माता, माता सरस्वती व स्वामी विवेकानंद की वेशभूषा में उपस्थित विद्यार्थियों को योग कारपेट देकर सम्मानित किया। आर्ट ऑफ लिविंग संस्था, प्रशांत असाटी के नेतृत्व में सभी प्रतिभागियों ने योग व प्राणायाम का अभ्यास किया। कार्यक्रम का संचालन विपिन चौबे व आलोक सोनवलकर तथा आभार मोहन राय द्वारा किया गया।

कमला नेहरू महिला महाविद्यालय में मनाया गया युवा दिवस

शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय दमोह में स्वामी विवेकानंद की जयंती 'युवा दिवस' के अवसर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार व रन फॉर स्वदेशी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जीपी चौधरी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य योग प्रशिक्षक भारत दुबे, नरेंद्र कुमार अहिरवाल व छिदामी प्रसाद राठौर, क्रीड़ा अधिकारी डॉ. प्रिया थापा, एनएसएस प्रभारी भारती चौरसिया, डॉ. एनपी नायक, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. रेखा जैन, डॉ. अरुणा जैन, डॉ. मालती नायक, डॉ. राजू अहिरवार आदि उपस्थित रहीं। संचालन डॉ. अवधेश जैन ने किया।

जबेरा में रन फॉर स्वदेशी कार्यक्रम आयोजित

जबेरा में स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के रूप में मनाई गई। शासकीय महाविद्यालय जबेरा में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन 6 से 12 जनवरी तक सेवा सप्ताह के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन एवं वंदना स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इसके पश्चात डॉ. अरुणा उज्जैनकर संगीत में वरिष्ठ प्राध्यापक एवं राष्ट्रपति पुरस्कार द्वारा सम्मानित का स्वागत प्राचार्य डॉ. कमल चौरसिया द्वारा किया गया। तत्पश्चात सूर्य नमस्कार में समस्त स्टाफ व छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए। इसके बाद रन फॉर स्वदेशी दौड़ का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय की प्राचार्य द्वारा हरी झंडी दिखाकर बच्चों को दौड़ने के लिए रवाना किया गया।

भीलमपुर हाईस्कूल में किया गया योग

भीलमपुर के शासकीय हाईस्कूल में योग दिवस के अवसर पर प्रिंसिपल अरुण व्यास द्वारा बच्चों को स्वामी विवेकांनद एवं योग के बारे में बताया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों के साथ ग्राम के गणमान्य नागरिक, सहित संजय जैन, श्याम तिवारी, लखन वर्मन ओमप्रकाश नामदेव श्याम सुंदर गोंड,मुकेश अहिरवार, सुशील मिश्रा, भागचंद अहिरवार,अखिलेश श्रीवास्तव, सहित विद्यालय के स्टाफ ने योग किया। ओमप्रकाश नामदेव द्वारा योग कराया गया।

बांदकपुर में विद्यार्थियों ने किया पथ संचलन

सोमवार को सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल बांदकपुर में विवेकानंद जयंती कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया. मंचासीन पदाधिकारियों द्वारा सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. इसके पश्चात शारीरिक, योगाभ्यास, सूर्य नमस्कार एवं ग्राम में विद्यार्थियों द्वारा पथ संचलन घोष वादन के साथ किया गया. रैली में सबसे आगे स्वामी विवेकानंद की झांकी, उनके पीछे भारत माता की झांकी, वीरांगना लक्ष्मी बाई की झांकी, वीरांगना रानी अवंती बाई की झांकी, वीरांगना दुर्गावती की झांकीव वीरांगना झलकारी बाई की झांकी शोभायमान हो रही थी. रैली ग्राम के मुख्य गली चौराहों से जब भारत माता और विवेकानंद के जयकारों के साथ गुजर रही थी तब नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

योग को दैनिक जीवन में करें शामिल

▶स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस को योग दिवस के रूप में मनाया

कुम्हारी नवभारत 12 जनवरी। स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस को योग दिवस के रूप में मनाया गया। कुम्हारी संकुल से जुड़ी शालाओं में छात्रों और शिक्षकों द्वारा योग कियाा गया। इस दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि योग करने से शरीर स्वस्थ और ऊर्जावान बना रहता है। हमें दैनिक जीवन में योग, व्यायाम और प्राणायाम को शामिल करना चाहिए। शिक्षकों ने छात्रों से जन-जागरूकता को लेकर कहा कि हम यदि योग को अपनी नित्य क्रिया में शामिल करते हैं तो यह बहुत ही लाभदायक है। शासकीय उच्चतर विद्यालय कुम्हारी, पीएम श्री मझगुवा हंसराज, हाईस्कूल पटेरिया, एकीकृत मझौली, पटना, कुलुवा, हिनोति, देवरी, बक्सरी, आदि शालाओं में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए।

सचिव पर लगाया गया 3000 रुपये का अर्थदंड

नवभारत,दमोह 12 जनवरी। कलेक्टर समाधान के अंतर्गत अब ऐसे प्रकरणों का भी चयन किया जा रहा है, जिनमें आवेदकों द्वारा पूर्व में संबंधित कार्यालयों अथवा लोक सेवा केंद्रों में आवेदन प्रस्तुत किए गए थे, किंतु निर्धारित समय-सीमा में उनका निराकरण नहीं हो पाया, जिसके चलते सचिव पर 3000 रुपये का अर्थदंड लगाया गया। पूर्व में कलेक्टर समाधान में ग्राम पंचायत डोली के आवेदक लक्ष्मण गोंड के प्रकरण का चयन किया गया था, जिसमें आवेदक द्वारा लोक सेवा केंद्र में मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन दिया गया था। आवेदन की समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि संबंधित ग्राम पंचायत डोली के सचिव द्वारा निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्रकरण का निराकरण नहीं किया गया।

मादक पदार्थों से नुकसान की दी जानकारी

पीजी कॉलेज में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नवभारत,दमोह 12 जनवरी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के आदेशानुसार व प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष सुभाष सोलंकी जिला विधिकसेवा प्राधिकरण दमोह के मार्गदर्शन में शासकीय पीजी कॉलेज दमोह में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसमें जिला न्यायाधीश धर्मेश भट्ट, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, डॉ. इंदिरा जैन दिवाकर, सहा.

प्राध्यापक डॉ. मीरा माधुरी महंत, नाजनीन बेगम, डॉ. अनिल जैन सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें। जिला न्यायाधीश धर्मेश भट्ट द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुये कहा कि स्वामी विवेकानंद द्वारा युवाओं की शिक्षा में आत्मविश्वास, निडरता, समग्र शिक्षा व चरित्र निर्माण की बात कही है जो व्यक्ति के आंतरिक सामर्थ्य को जगाने व सकारात्मक बदलाव लाने पर केंद्रित है।

चरित्र निर्माण के लिए नशे से दूर रहे युवा

उन्होंने कहा कि चरित्र निर्माण हेतु युवाओं को नशे से दूर रहकर एक जिम्मेदार नागरिक बनने की ओर अग्रसर होना चाहिए। आप पढ़ाई के साथ-साथ भविष्य में किस दिशा में आगे बढ़ना चाहते है, वह लक्ष्य निर्धारित कर लक्ष्य प्राप्ति हेतु आज से ही रूचि पूर्वक पढ़ाई करें। आपने युवाओं को मादक पदार्थों दुष्परिणाम व उससे होने वाली हानि के बारे में जानकारी दी। साथ ही इंटरनेट, सोशल मीडिया के संबंध में अपनायी जाने वाली सावधानियों से भी अवगत कराया।

एक नजर में

हितग्राहियों की शिकायत पर राशन दुकान की गई सील

कुम्हारी नवभारत 12 जनवरी। देवरीरतन की सहकारी उचित मूल्य की दुकान को हितग्राहियों की शिकायत के बाद सील कर दिया गया। तहसीलदार उमेश तिवारी, पटवारी धर्मेन्द्र चक्रवर्ती, हल्का पटवारी सादिक खान, कुम्हारी पटवारी अमित उपाध्याय द्वारा सहकारी उचित मूल्य की दुकान का औचक निरीक्षण किया गया। दुकान के संचालक श्रीपाल जैन की ग्रामीणों द्वारा शिकायत की गई थी कि किसी परिवार में पांच सदस्य है तो एक को खाद्यान्न नहीं दिया जाता। इसके बाद तहसीलदार द्वारा दुकान को सील किया गया।



बौद्धिक स्तर बढ़ाने अखबार पढ़ना जरूरी : एएसपी

नवभारत,तेंदूखेड़ा। नगर के गौशाला में नवनिर्मित लाइब्रेरी में सोमवार को एएसपी सुजीत सिंह भदौरिया ने छात्रों और युवाओं को कैरियर मार्गदर्शन देते हुए कहा कि सामान्य ज्ञान बढ़ाने और बौद्धिक स्तर बढ़ाने के लिए युवाओं और छात्रों सहित प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले युवक युवतियों हर दिन भिन्न भिन्न अखबारों को पढ़ना चाहिए, जिससे उनका सामान्य ज्ञान और बौद्धिक स्तर बढ़ेगा. चूंकि की अख़बार में राजनितिक सामाजिक आर्थिक वैज्ञानिक व्यापरीक खेलखुद सहित समस्त विश्वास की रोज होने वाली घटनाओ की जानकारी होती है. इससे प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने में मदद मिलती है, साथ ही सामान्य ज्ञान बढ़ता है, इसलिए रोज समाचार पत्र पढ़े.

करंट लगने से कर्मचारी की मौत

नवभारत,दमोह। स्कूल यूनिट में खाना बनाते समय कर्मचारी रामप्रकाश यादव की करंट लगने से मौत की हुई है, जहां पुलिस जांच में जुटी हुई है.

उपार्जन राशि नहीं मिलने पर किसानों का धरना

▶ लंबित राशि का भुगतान नहीं मिलने तक जारी रहेगी हड़ताल

नवभारत,दमोह 12 जनवरी। भावांतर भुगतान योजना के तहत हटा मंडी में बेची गई सोयाबीन उपज की राशि अब तक नहीं मिलने से नाराज किसानों ने रविवार को हटा मंडी के पास अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है.

किसानों का कहना है कि महीनों पहले फसल बेचने के बावजूद उन्हें अब तक भुगतान नहीं मिला, जिससे आर्थिक संकट गहरा गया है। धरना स्थल पर

किसानों ने नारेबाजी करते हुए शासन प्रशासन के खिलाफ रोश जताया और शीघ्र भुगतान की मांग की किसानों का कहना है की फसल बिक्री के बाद कर्ज, खाद बीज और घरेलू खर्चों का दवाव बढ़ गया है, लेकिन भुगतान में हो रही देरी से स्थिति और खराब होती जा रही है। धरना प्रदर्शन का नेतृत्व किसान कांग्रेस हटा के ब्लॉक अध्यक्ष व समाजसेवी दीनदयाल पटेल के नेतृत्व में किया जा रहा है।

शासन से हस्तक्षेप की मांग

उन्होंने कहा कि जब तक किसानों की भावांतर योजना की लंबित राशि का भुगतान नहीं किया जाता तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने शासन से जल्द हस्तक्षेप कर किसानों को राहत देने की मांग की है किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र भुगतान नहीं किया गया तो आंदोलन और व्यापक लेगा जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इसी को लेकर हटा तहसीलदार भी धरना स्थल पंहुचे।

चाकूबाजी में युवक गंभीर रूप से घायल

नवभारत,दमोह 12 जनवरी। देहात थाना अंतर्गत आने वाले इमलाई गांव में चाकूबाजी की घटना से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है ।दमोह देहात थाना थाना अंतर्गत आने वाले इमलाई बाईपास के संस्कार गार्डन के सामने एक युवक को चार लोगों ने घर में घुसकर चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के संबंध में घायल भारत आठिया के छोटेभाई भानु आठिया ने जानकारी देते हुए बताया रविवार की सुबह क्रिकेट खेलते समय परसू पटेल और इसके भाई दीपक पटेल से विवाद हो गया था, जिसके चलते दोनों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी थी। इसी के चलते रविवार की रात जब मैं घर में अपने काम में व्यस्त था, इसी दौरान परशु पटेल और दीपक पटेल अपने दो अन्य साथियों के साथ हाथ में चाकू लिए गाली गलौज करते हुए घर में घुस गए और मेरे भाई भरत पर चाकुओं से हमला कर दिया, जिससे ही उसे गंभीर चोटें आई हैं। इसकी सूचना पुलिस को दी है.

ट्रायल रूम निर्माण हेतु 1.50 लाख की राशि स्वीकृत

नवभारत,दमोह। दमोह जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पथरिया में ट्रायल रूम निर्माण हेतु पशुपालन व डेयरी विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल, म.प्र. शासन द्वारा 1.50 लाख की राशि विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत स्वीकृति प्रदाय की गई है। इससे संस्था में गर्भवती महिलाओं को बेहतर एवं सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाएं तथा गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित होंगी एवं नेशनल क्वालिटी असेसमेंट की गाईडलाईन का भी पालन हो सकेगा। यह स्वीकृति पशुपालन व डेयरी विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल द्वारा सीबीएमओ पथरिया डॉ. जतिन दुबे की पहल पर प्रदान की गई।

आयोजन | बुंदेली दमोह महोत्सव 16 जनवरी से 1 फरवरी तक आयोजित होगा, 150 प्रतिभागियों ने किया था आवेदन

नृत्यश्री प्रतियोगिता के ऑडिशन में शामिल हुए 70 प्रतिभागी

नवभारत,दमोह 12 जनवरी। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले बुंदेली दमोह महोत्सव की तैयारी शुरू हो गई हैं. इस वर्ष बुंदेली दमोह महोत्सव 16 जनवरी से 1 फरवरी तक स्थानीय तहसील ग्राउंड में संपन्न होगा. शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतिदिन आयोजित होंगे. इसमें नृत्य श्री व स्वर श्री कौन है का दमदार आयोजन किया जाएगा.

स्थानीय जेएल वर्मा विधि महाविद्यालय के सभागार में नृत्य श्री प्रतियोगिता के प्रतिभागियों का ऑडिशन संपन्न हुआ. इसमें करीब 150 प्रतिभागियों ने आवेदन जमा किए थे. जिनमे से आज करीब 70 प्रतिभागियो ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन समस्त चयनकर्ताओं के

सामने किया.

नृत्य श्री के प्रभारी दिनेश प्यासी ने बताया कि बुंदेली दमोह महोत्सव निरंतर 15 वर्षों से बुंदेली गौरव न्यास के तत्वाधान में आयोजित किया जाता रहा है.यह आयोजन पूर्व मंत्री दमोह विधायक जयंत मलैया व डॉ. सुधा मलैया के संरक्षण में होता हैं. प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला का आयोजन बड़े भव्यता के साथ किया जाता है.

शेष प्रतिभागियों का चयन 14 को होगा

नृत्य श्री प्रतियोगिता के चयन समिति में पूजा मलैया, खुशबू तिवारी, दिनेश प्यासी, यामिनी, भरत भट्ट, तपन साहू, भरत राय शामिल है। ऑडिशन के दौरान बड़ी संख्या में प्रतिभागी और अभिभावक उपस्थित रहे। शेष प्रतिभागियों का चयन 14 जनवरी को दोपहर 2 बजे ऑडिशन लेकर किया जाएगा. यह सभी चयनित प्रतिभागी अपनी कला का प्रदर्शन बुंदेली दमोह महोत्सव के मंच पर देंगे। बुंदेली गौरव न्यास की सोच है कि हमारे जिले के कलाकारों को मंच मिले और वह अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए आगे अपने उद्देश्य तक पहुंचे।